समस्या समाधान को आइआइटी में सिंगल विंडो सिस्टम

आइआइटी में लघु उद्यमी समागम में मंचासीन उद्यमी व प्राध्यापक ● जागरण

एबीएलटी में आयोजित उद्यमी संगम के दूसरे दिन तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए बनी सहमति, क्षेत्र के विकास के लिए बताया गया जरूरी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : आइआइटी (बीएचयू) के एबीएलटी में आयोजित उद्यमी संगम के दूसरे दिन शनिवार को तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाने की सहमति बनी।

इसमें आयोजक प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। द्वितीय सत्र में उद्यमियों ने व्यापार में आने वाली चुनौतियों को लिखित रूप से दर्ज कराया। परिचर्चा में पॉलिमर, कागज, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि संयत्र आदि समस्याओं पर चर्चा हुई। उप्र उद्योग संगठन के आरके चौधरी ने उद्योग विकास का पर्याय बन गया है तो आइआइटी विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत में संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन हुनर की कमी है। वहीं आइआइटी में हुनर है। प्रो. मिश्र ने बताया कि संस्थान अपने संसाधनों के बल पर उद्योगों के कच्चे माल, उत्पाद व प्रदूषण प्रबंधन की समस्याओं के समाधान के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाएगा।

संयुक्त निदेशक उद्योग उमेश सिंह, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राजेश सिंह, राजेश भाटिया, अब्दुल हादी, प्रो. राजीव प्रकाश आदि ने विचार रखे।

दैनिक जागरण– 02.09.2018